तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


## खबर संक्षेप

### सूने घर से चोरी

**महासमुंद।** ग्राम टेका में एक सूने घर से सोने का गहना और नगदी रकम चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी व टेका निवासी सलीम बेग ने बताया कि 11 फरवरी की सुबह 9 बजे वह शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम खट्टा गया था। घर में उसके बेटे, बहू और बाहर से आये मेहमान थे। करीब 12 बजे उसके बेटे-बहू भी शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने खट्टा चले गए। करीब 1 बजे उसके बहू और बेटे ने बताया कि घर में बाहर से आये मेहमान भी 12.30 बजे घर में ताला बंद कर चाबी को खिड़की में रखकर चले गये हैं। शाम के करीबन 6 बजे जब उसके बेटे-बहू शादी कार्यक्रम से वापस घर गए तब उन्होंने बताया कि घर के सामने का ताला टूटा हुआ है और अंदर में रखे गोदरेज आलमारी सोने का एक जोड़ी टॉप्स कीमत 10000 रुपए और नगदी रकम 15000 रुपए कुल 25000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (ए), 331(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री, दो लोगों के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में दो लोगों को विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने 11 फरवरी को आरोपी रमेश सौरा पिता सीताराम सौरा (33 वर्ष) कछारडीह थाना पिथौरा के कब्जे से 35 नग गोवा शराब कीमत 4200 रुपए को बरामद किया। इसी तरह पुलिस ने आरोपी हीरालाल सिन्हा पिता मोहित सिन्हा (28 वर्ष) किशनपुर थाना पिथौरा के कब्जे से 34 नग देशी प्लेन शराब जब्त की है।

## ये कैसी व्यवस्था : ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था पर सवाल

# स्कूलों में केवल 29% शिक्षक ही ऐप पर दर्ज कर रहे उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




सरकारी स्कूलों में पारदर्शिता लाने और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा लागू की गई ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था जिले में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है। बीएस्केप (B-ESCAPE) ऐप पोर्टल के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षक अब भी इससे दूर हैं। जिले में कुल 6685 शिक्षकों में से मात्र 1983 शिक्षक ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार लगभग 71 प्रतिशत शिक्षकों ने अब तक इस डिजिटल व्यवस्था को गंभीरता से नहीं अपनाया है, जिससे शासन की मंशा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। जमीनी स्थिति यह है कि जिले में केवल 29 प्रतिशत शिक्षक ही नियमित रूप से ऐप का उपयोग कर रहे हैं।

### पढ़ाई की गुणवत्ता पर असर

जानकारी के अनुसार कई स्कूलों में समय पर कक्षाएं नहीं लग रहीं, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी स्कूलों में भी ऑनलाइन हाजिरी न भरने की प्रवृत्ति देखी जा रही है। जिन क्षेत्रों में बेहतर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध है, वहां भी कई शिक्षक ऐप के उपयोग में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

### शिक्षकों का पक्ष

शिक्षक संघ शुरू से ही इस व्यवस्था का विरोध करता रहा है। उनका कहना है कि निजी मोबाइल से ऐप संचालित करना व्यावहारिक नहीं है। मोबाइल की सुरक्षा, डाटा खर्च और बैंक खातों की गोपनीयता को लेकर भी आशंकाएं जताई गई हैं। संघ की मांग है कि यदि ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य की जाती है तो प्रत्येक शिक्षक को विभाग की ओर से टैबलेट या आधिकारिक उपकरण उपलब्ध कराया जाए या स्कूल स्तर पर सामूहिक व्यवस्था की जाए।

### विभाग की चुप्पी पर सवाल

शिक्षा विभाग की ओर से अब तक किसी भी प्रकार की सख्त कार्रवाई या वेतन रोकने जैसे कदम नहीं उठाए गए हैं। अधिकारियों की इस चुप्पी से शिक्षकों के हौसले और बुलंद हुए हैं। हालांकि विभागीय सूत्रों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं के कारण कुछ शिक्षक पंजीयन नहीं कर पाए हैं, जिनका शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### 93% शिक्षकों का पंजीयन

6 फरवरी की स्थिति में जिले के 6685 शिक्षकों में से 6222 ने बीएस्केप ऐप पर पंजीयन करा लिया है, जो लगभग 93 प्रतिशत है। केवल 463 शिक्षकों का पंजीयन शेष है। तकनीकी समस्याएं और एंड्रॉयड मोबाइल की अनिवार्यता को इसके पीछे कारण बताया जा रहा है।

शिक्षा विभाग का कहना है कि पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों को जल्द दूर कर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को पूरी तरह प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि विद्यालयों में समयबद्ध और पारदर्शी कार्यसंस्कृति स्थापित की जा सके।

### घर में घुसकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 12 उड़ियापारा के घर में घुसकर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नीरज यादव पिता राजेंद्र यादव ने बताया कि उसका पड़ोसी संतोष यादव आये दिन शराब पीकर गाली गलौज करता रहता है। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है। 11 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे वह अपने घर में था, तभी आरोपी संतोष यादव घर के सामने आकर गालियां दे रहा था, उसी समय आरोपी हाथ में लोहे का शॉकप राड लेकर घर के अंदर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 333, 296, 115 (2), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# सरकारी अस्पताल की सोनोग्राफी सेवा ठप होने से अधिकतर मरीज बैरंग लौट रहे

## रेडियोलॉजिस्ट के पद रिक्त, निजी केंद्रों का सहारा लेने को मजबूर हो रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के सबसे बड़े और एकमात्र शासकीय जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच की सुविधा बंद होने से लोगों को बाहरी केंद्रों में अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। रेडियोलॉजिस्ट के पद रिक्त होने के कारण मरीज जांच के लिए भटक रहे हैं। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में 800 से अधिक मरीज बिना जांच कराए वापस लौट चुके हैं।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में लंबे समय से रेडियोलॉजिस्ट की कमी बनी हुई है। पांच स्वीकृत पदों में से एक पद मेडिकल कॉलेज से संबद्ध है और शेष चार पद रिक्त हैं। पूर्व में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के बाद से स्थिति और गंभीर हो गई है।

रेडियोलॉजिस्ट की कमी के कारण पहले भी प्रतिदिन 100 में से केवल 40–50 मरीजों की ही सोनोग्राफी हो पाती थी। अब विशेषज्ञ के अभाव में पूरी तरह से जांच सेवा बंद है। अस्पताल प्रबंधन ने जनरल सोनोग्राफी कक्ष के बाहर नोटिस चस्पा कर सेवा अस्थायी रूप से बंद होने की सूचना दी है।

### मरीजों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

जांच सुविधा बंद होने से मरीजों को निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है, जहां 700 से 1000 रुपये तक शुल्क लिया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह अतिरिक्त बोझ साबित हो रहा है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 800 मरीज पहुंचते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या को सोनोग्राफी की जरूरत होती है। फरवरी माह में प्रतिदिन औसतन 250 मरीज सोनोग्राफी के लिए पहुंच रहे थे।

### पूर्व में भी दे चुके हैं आवेदन

बताया गया है कि पूर्व रेडियोलॉजिस्ट ने कार्यभार अधिक होने और सुविधाओं की कमी का हवाला देते हुए शासन को कई बार अवगत कराया था। जिला अस्पताल प्रबंधन ने भी उच्चाधिकारियों को रिक्त पदों की जानकारी देते हुए शीघ्र नियुक्ति की मांग की थी, किंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल

विशेषज्ञों का मानना है कि जिला अस्पताल जैसी प्रमुख संस्था में रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति गंभीर विषय है। इससे न केवल गर्भवती महिलाओं, बल्कि गंभीर रोगों की जांच कराने वाले मरीजों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल, अस्पताल प्रबंधन ने शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया है, किंतु जब तक विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं होती, तब तक मरीजों की परेशानी कम होने की संभावना कम ही नजर आ रही है।

### अवैध रूप से शराब बना रहे पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बिजेपुर के बीच जंगल में नहर के पास शराब का अवैध रूप से निर्माण कर रहे 5 लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 हजार रुपए का महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बिजेपुर के बीच जंगल में नहर के पास में कुछ लोग अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री करने के लिए बना रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में अपना नाम मुकेश बाघ पिता उजागर बाघ (41 साल) बिजेपुर, गुलाब बाघ पिता शंकरलाल बाघ (64 साल) बिजेपुर, रोशन बाघ पिता कीर्ति बाघ (35 साल) बिजेपुर, बृजेश बाघ पिता अमर सिंह बाघ (28 साल) बिजेपुर और नरेंद्र बाघ पिता जुगुत राम बाघ (22 साल) बिजेपुर बताया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 150 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 30000 रुपए, पांच नग स्टील का गंज कीमत करीबन 2000 रुपए, कुल कीमत 32000 रुपए व 70 बोरी में शराब बनाने योग्य महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2), 34(1)(क) (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# गांजा की तस्करी कर रहे चार लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गांजा की तस्करी करने वाले चार लोगों को एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दरमियान सूचना मिली कि एक सिल्वर कलर की बोलेरो कार क्रमांक सीजी 10 एफए 5434 ग्राम पुटका से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर सरायपाली की ओर लाया जा रहा है। इसके बाद एनएच 53 रोड ग्राम पुटका चौक पहुंच कर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ देर बाद उक्त वाहन वहां पहुंची, जिसमें चार व्यक्ति बैठे थे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम उमेश भरत गोरे पिता भरत गोर (23 साल) देवगांव थाना पारगांव जिला पुणे महाराष्ट्र, विशाल भाउ साहेब मानधरे पिता भाउ साहेब मानधरे (21 साल) दावरबाड़ी थाना वारूज जिला संभाजी नगर औरंगाबाद महाराष्ट्र, मो हबीब पिता मो अयूब (45 साल) छोटे टेमरी थाना बसना जिला महासमुंद, जेहरू कुलदीप पिता नारेन कुलदीप (76 साल) पुटका थाना सिंघोड़ा होना बताए।

पूछताछ में संदेहियों ने बोलेरो कार की पीछे सीट में प्लास्टिक बोरी के अंदर गांजा रखना बताया जिसे ग्राम पुटका (महासमुद) से देवगांव (पुणे) ले जाना बताए। इसके बाद आरोपियों के कब्जे से 11 किलो ग्राम गांजा कीमत 5,50,000 रुपए, बोलेरो वाहन कीमत 7,00,000 रुपए, मोबाइल कीमत 60,000 रुपए कुल कीमत 13,10,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में धारा (20बी (दो)(सी), 29 -1) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

# अभिषेक ने वेस्टजोन नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

## वेस्टजोन नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भारतीय सॉफ्टबॉल संघ एवं मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ द्वारा वेस्टजोन नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन उज्जैन मध्य प्रदेश में दिनांक 9 से 11 फरवरी, 2026 तक आयोजित किया गया। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से पुरुष एवं महिला सॉफ्टबॉल दल सीनियर शामिल हुए। राज्य दल के गठन के लिए 01 फरवरी 2026 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर स्थित सॉफ्टबॉल मैदान में चयन परीक्षण आयोजित किया गया था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अभिषेक निर्मलकर पिता विजय कुमार निर्मलकर का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ पुरुष वर्ग की टीम ने अपने बेहतर प्रदर्शन को जारी रखते हुए पहला मैच गुजरात के साथ हुआ जिसे छत्तीसगढ़ ने 7–0 से जीतकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 10–0 से तथा मध्य प्रदेश को 2–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मध्यप्रदेश अपने पूल की पूल विनर टीम थी अतः उसको एक मौका और मिला तथा मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को हराकर वापसी की एवं फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचकारी रहा छत्तीसगढ़ टीम ने अपने चैंपियनशिप को बरकरार रखते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन किया तथा मध्य प्रदेश को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

पुरुष वर्ग में दुर्ग से सुशांत यादव, सुनील राज, शुभाशीष, कबीरधाम से कलेश्वर निर्मलकर, भूपेंद्र गढ़े, पिंटू सिंह रायपुर से गौरव डहरिया, मोहित ठाकुर, बिट्टू मंडले, अजय शुक्ला, दीपक साहू, राम राजपूत, सारंगढ़ से तौसीम राजा, पामगढ़ जांजगीर - चांपा से दिलेश्वर भारती, महासमुंद जिले से अभिषेक निर्मलकर, बिलासपुर से आयुष केशरवानी शामिल रहे। चैंपियनशिप में रजत पदक मध्यप्रदेश एवं कांस्य पदक महाराष्ट्र की टीम ने जीता। जिले में डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक के प्रशिक्षण द्वारा प्रति वर्ष 150 से अधिक खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं एवं 40 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित करते आ रहे हैं। खिलाड़ी आसपास क्षेत्र से नियमित अभ्यास करने पहुंचते हैं।




## आत्मानंद स्कूल हुए बदहाल कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बुधवार को माना मंडल अंतर्गत आने वाले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की वर्तमान स्थिति का जायजा लेकर शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों एवं छात्रों से विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब एवं ग्रामीण बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली अंग्रेजी माध्यम की मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। यह योजना गरीब परिवारों के बच्चों के लिए एक वरदान साबित हुई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा इन स्कूलों पर लगातार बजट कटौती की जा रही है, जिससे स्कूलों की मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। ड्रेस, किताबें, स्टेशनरी आदि समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। बिजली, पानी, सफाई, फर्नीचर, लैब, लाइब्रेरी एवं खेल सामग्री की भारी कमी है। कई स्कूलों में चॉक-डस्टर जैसी बुनियादी चीजें भी उधारी पर खरीदी जा रही हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग करती है। अन्यथा राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। सुविधाएं बहाल की जाएं- पंकज कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, माना मंडल के आत्मानंद स्कूल की स्थिति पूरे प्रदेश के इन स्कूलों की तस्वीर है। भाजपा सरकार 'विकसित भारत' का नारा दे रही है, लेकिन गरीब बच्चों की शिक्षा को अंधकार में धकेल रही है। उन्होंने मांग की है कि बजट बढ़ाया जाए, बकाया बिल चुकाए जाएं और स्कूलों को पूर्ववत सुविधाएं बहाल की जाएं।

## निजी स्कूलों ने कहा- फीस बढ़ाएं अन्यथा नहीं देंगे गरीब बच्चों को प्रवेश

**रायपुर।** निजी स्कूल संघ आरटीई राशि नहीं बढ़ाए जाने के कारण खुलकर विरोध में आ गया है। निजी स्कूल संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व आरटीई राशि में वृद्धि नहीं की गई तो वे असहयोग का मार्ग अपनाएंगे। गौरतलब है कि निजी स्कूल संघ ने गत 13 वर्षों से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि को नहीं बढ़ाने को लेकर उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की थी। बीते वर्ष 19 सितंबर को दिए गए अपने आदेश में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 6 माह के भीतर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की मांगों पर निर्णय लेने के लिए कहा था।
निजी स्कूलों का कहना है कि न्यायालयीन आदेश के बाद भी उनकी स्थिति पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। न्यायालय में याचिका दायर करने के पूर्व वे कई स्तर पर आवेदन लिख चुके हैं और अपनी स्थिति शासन-प्रशासन के समक्ष स्पष्ट कर चुके हैं। इसके बाद भी कोई राहत नहीं मिलने से वे दुखी हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को लिखे अपने खत में संघ ने असहयोग की बात कही है।

## स्वाति तिवारी को पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** स्वाति तिवारी को डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, कोटा ने मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. सीवी रमन विवि के डॉ. विवेक शुक्ला के निर्देशन एवं डॉ. अभिषेक शुक्ला के सह निर्देशन में पूर्ण किया है। डॉ. स्वाति तिवारी वर्तमान में कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मशीन लर्निंग की उपयोगिता में उनका शोध उपयोगी साबित होगा। उन्होंने अपने शोध को इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित करने के साथ शोध का डिजाइन पेटेंट भी कराया है।

**चर्चा : कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का संकल्प**

# केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भाजपा महिला मोर्चा जिला महासमुंद के तत्वावधान में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विमा अवस्थी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विमा अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक बजट है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक जिले में महिला निःशुल्क छात्रावास खोलने का निर्णय लिया है, ताकि बाहर से उच्च शिक्षा प्राप्त करने आने वाली बेटियों को सुरक्षित आवास मिल सके। मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, शिक्षा एवं उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे देश की आधी आबादी राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदारी निभा सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के विकास और समृद्धि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। विशेषकर महिलाओं के लिए किए गए प्रावधान यह संदेश देते हैं कि देश के विकास में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और सरकार की योजनाएं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह बजट सर्वहितकारी एवं समावेशी है। महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। विकसित भारत 2047 के संकल्प सिद्धि के लिए यह बजट सर्वोत्कृष्ट बजट साबित होने वाला है। महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की समृद्धि एवं उन्नति के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट अमृतकाल का सर्वश्रेष्ठ बजट है। यह बजट महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को नई दिशा देगा। स्वागत भाषण महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा शुभ्रा शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन तारेस्वरी नायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, डॉ. किरण सिंह, मिली बेनर्जी, प्रतिज्ञा गुप्ता, विद्या पांडे, तिलेश्वरी ध्रुवे, उत्तरा प्रहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष मीना वर्मा, सुधा साहू, कौशल्या बंसल, सुजाता विश्वनाथन, जानवी साहू, डॉ खुशबू अग्रवाल, प्रियंका सिंह, लक्ष्मी जांगड़े, सीमा नायक, अनीता टांडी, शशि पटेल, काजल साहू, मधु यादव, चुनेश्वरी साहू, निशा जोगी, गिरजा दास, हेमलता ध्रुव, लक्ष्मी साहू, किरण यादव, प्रमिला निषाद, बीना सोना, चैतन्य साहू, बिमला बेहरा, सावित्री कश्यप, दीपा साहू, चंद्रिका साहू, कंचन अग्रवाल, पद्मिनी देवी, रामदुलारी सिंह, कुमारी भास्कर, तुलसी चंद्राकर, सरस्वती पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, आरती चंद्राकर, निधि चंद्राकर, संगीता चंद्राकर, प्रीति मक्कड़, पुष्पा ध्रुव, पार्वती साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा द्वारा यह संकल्प लिया गया कि केंद्रीय बजट की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इन योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बन सकें।

उक्त जानकारी महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी प्रमिला साहू ने दी।

# युवा पीढ़ी से प्रकाश का आह्वान, संघर्ष और संस्कार से बनेगी पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंकोरी में विदाई समारोह एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य यज्ञ राम सिदार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद विशाल एवं भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष हीरा लाल साव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

प्रकाश सिन्हा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, नशामुक्त जीवन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि चरित्र और परिश्रम से तय होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में संकुल समन्वयक आरिफ बेग, शिक्षक संतलाल डडसेना, लालता प्रसाद डडसेना, हीराधर राणा, मधुमंगल बारीक, उमाशंकर भोई, जगतारण जांगड़े, विजय कुमार कोशिक, जयंत कुमार वर्मा, नीलिमा साहू, चंद्रहास बांक, रविन्द्र मांझी, मगन नायक, अंबिका सिंह, आकाश डडसेना, आशीष त्रिपाठी, दयालु नंद एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि परमीत सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार, अभिभावकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य यज्ञराम सिदार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के विकास हेतु निरंतर सहयोग की अपेक्षा की।

**समस्याओं से कराया अवगत:** कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य यज्ञराम सिदार ने विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं से सिन्हा को अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय के नवीन भवन में शौचालय निर्माण, सेट निर्माण तथा साइकिल स्टैंड के निर्माण की मांग प्रमुख रूप से रखी। प्राचार्य ने बताया कि इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास एवं विद्यार्थियों की सुविधा हेतु आवश्यक स्वीकृति एवं सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

## छात्रों को पदक, प्रमाण पत्र प्रदान कर किया पुरस्कृत



**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू के जन्मदिवस पर विद्यार्थियों का सम्मान समारोह शैक्षणिक उत्कृष्टता, कला, खेल और नैतिक मूल्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पहली से 8वीं के छात्र-छात्राओं को पदक, प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# राजमाता विष्णुप्रिया देवी स्मृति में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)



आदिवासी महासंघ कौड़िया एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में राजमाता रानी विष्णुप्रिया देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा रानी विष्णुप्रिया देवी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा कि रानी विष्णुप्रिया देवी ने न केवल आदिवासी समाज बल्कि सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनुकरणीय कार्य किए।

जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, भाजपा नेता सीताराम सिन्हा एवं साहू समाज अध्यक्ष मनोहर साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर जनकराम ठाकुर, सुखीराम ध्रुव, भागी ध्रुव, पुनाऊराम ठाकुर, कुंवर सिंह ध्रुव, सत्यनारायण ध्रुव, जगबंधु कोंध, डेजिरानी नेताम, कमल सिदार, देवनारायण ध्रुव, सरोज नेताम, बरसाती, तिलकराम बरिहा, सिरामन ध्रुव, तुलाराम ध्रुव, श्याम नेताम, गोलू रावल, ननक ठाकुर, दिनेश कालसा, आलेख भोई, तुलसी दीवान, विश्राम, सरपंच परिमल कश्यप, रोशन ठाकुर, एमएल मंडावी, मंगल सिंह ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, गौर सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के नए सिविल सर्जन की तलाश तेज, पुराने अगले माह रिटायर होंगे

**रायपुर।** जिला अस्पताल के लिए सिविल सर्जन की तलाश तेज हो गई है। वर्तमान में यह पद संभाल रहे डा. एसके भंडारी अगले माह रिटायर होने वाले हैं। राजधानी रायपुर का डिसर्ट्रिक हास्पिटल की जिम्मेदारी होने के कारण यह कई नजरिए से महत्वपूर्ण है। विभिन्न मसलों को ध्यान में रखते हुए यहां प्रशासनिक क्षमता वाले सीनियर डाक्टर की तालश की जा रही है।

■ प्रशासनिक क्षमता वाले डाक्टर की हो रही खोज

रायपुर जिला अस्पताल के अंतर्गत अभी एमसीएच कालीबाड़ी भी आता है, जिसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत यह सबसे बड़ा हेल्थ सेंटर है। इसकी कुल क्षमता लगभग चार सौ बेड की है। इसके अलावा राजधानी से संबंधित होने की वजह से यहां विभिन्न तरह का प्रशासनिक दबाव भी होता है। वर्तमान में यहां सिविल सर्जन की जिम्मेदारी संभाल रहे डा. एसके भंडारी मार्च के दूसरे पखवाड़े में सेवानिवृत हो रहे हैं। इसके पहले अस्पताल का संचालन अच्छी प्रशासनिक क्षमता वाले डाक्टर के हाथों में देने के लिए तलाश पूरी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार सिविल सर्जन की दौड़ में वरिष्ठ महिला चिकित्सक के साथ तीन से चार लोग शामिल है। इनमें से कुछ ने अपनी दावेदारी भी अफसरों के सामने प्रस्तुत कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दावेदारी की दौड़ में शामिल इन्हीं डाक्टरों के बीच से किसी को सिविल सर्जन बनाया जा सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य संचालनालय और जिला स्तर पर तबादला सूची जारी हो सकती है।

## रजक समाज को ही मिलेगा धुलाई का ठेका



■ धोबी समाज के साथ मिलकर विधायक सोनी ने किया भूमिपूजन

**रायपुर।** धोबी समाज के सामुदायिक भवन, छात्रावास भवन के भूमि को सुरक्षित करने अतिक्रमण से बचाने विधायक निधि से बाउंड्री वॉल के लिए राशि स्वीकृत की गई है जिसका भूमि पूजन विधायक सुनील सोनी, नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद रमेश सपहा ने समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर की अध्यक्षता तथा समाज जनों की उपस्थिति में किया। इस मौके पर विधायक सुनील सोनी ने लॉन्ड्री टेंडर के लिए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के लिए निकाले गए टेंडर जिसमें 10 करोड रुपए का टर्नओवर पांच करोड रुपए का नेटवर्थ मांगा गया था जिसके लिए समाज जनों ने विधायक के समक्ष गुहार लगाई थी अगर हम लोगों के पास इतने रुपए का टर्नओवर होता तो हम लोग लॉन्ड्री का काम क्यों करते हैं जिस पर विधायक श्री सोनी ने तत्काल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से चर्चा की। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री निर्मलकर को अपने निवास में आमंत्रित किया और उस समय के स्वास्थ्य सचिव शिखा राजपूत तिवारी को इस विवादित टेंडर को निरस्त करने के लिए कहा और स्वास्थ्य मंत्री ने समस्त मेडिकल कॉलेज के डीन अस्पताल के सुपरीटेंडेंट के मीटिंग बुलाकर स्पष्ट तौर पर कहा लॉन्ड्री का काम केवल धोबी समाज को ही मिलनी चाहिए।

# टाटीबंध में प्रदेश का पहला हाईटेक महतारी सदन खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे, आधुनिक प्ले की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी में प्रदेश का पहला हाईटेक महतारी सदन टाटीबंध में बुधवार से शुरू हुआ। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल-खेल में बच्चों को सीखने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और रोचक बन सकेगी। बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर अपने तरह के इस अनूठे हाईटेक महतारी सदन सह आंगनबाड़ी केन्द्र नौनिहालों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखकर विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।
रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने 85 लाख की लागत से बने इस केंद्र का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री मूणत ने कहा हमारा संकल्प रायपुर पश्चिम को केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि देश का सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनाना है। महतारी सदन में मेरी उस कल्पना का मूर्त रूप है, जहां हमारी मातृशक्ति को भरपूर सम्मान मिले और नौनिहालों को वही वातावरण प्राप्त हो जो किसी कार्पोरेट स्कूलों में मिलता है। यह संभवतः भारत का पहला ऐसा आंगनबाड़ी केन्द्र है जो निजी क्षेत्रों की सुविधाओं को भी पीछे छोड़ता है। यहां बच्चे न केवल पोषण प्राप्त करेंगे साथ ही खेल-खेल में अपना भविष्य का निर्माण करेंगे। राजेश मूणत ने बताया कि इस आधुनिक आंगनबाड़ी केन्द्र की खासियत ये है कि यहां स्मार्ट क्लासरूम से लेकर आधुनिक इंडोर और आउटडोर स्टेडियम और आउटडोर प्ले एरिया, हाईजेनिक किचन की सुविधा बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं, पुरुषों और दिव्यांग जनों के लिए अलग-अलग वाशरूम की सुविधा है।



■ रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने वार्डवासियों को दी अनूठी सौगात

■ 86 लाख की लागत से बना 4500 वर्गफीट क्षेत्र में तैयार

### *महतारी सदन वात्सल्य और मातृत्व का अनूठा संगम : मीनल*

*कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने कहा टाटीबंध का महतारी सदन वात्सल्य और मातृत्व का अनूठा संगम है। यह सदन हमारी बहनों-माताओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और बच्चों के लिए ज्ञान का मंदिर बनेगा। जिस तरह से दिव्यांग बच्चों के लिए रैंप और सर्वसुविधा युक्त वाशरूम बनाए गए हैं , यह दर्शाता है कि राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चिंता करती है। महापौर मीनल चौबे ने अपने उदबोधन मे कहा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में यह परियोजना एक मिसाल बनेगी, जिसे आने वाली पीढ़ी याद रखेंगी।*

### भविष्य के लिए ग्रोथ सेंटर : सूर्यकांत राठौर

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा राजेश मूणत की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सूक्ष्म कार्ययोजना है। यदि विजन स्पष्ट हो तो सरकारी आंगनबाड़ी भी कार्पोरेट आफिस से बेहतर दिख सकती है। यहां ट्रेम्पोलिन, बास्केटबॉल और डिजिटल क्लासरूम जैसी सुविधाएं देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों का बचपन अभावों में न दबे। यह केन्द्र केवल पोषण ही बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का ग्रोथ सेंटर बनेगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद गायत्री-सुनील चंद्राकर, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर,गज्जू राम साहू , पार्षद मीना ठाकुर, भगतराम हरबंश, राजेश कुमार देवांगन, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की निगरानी में ही होगी फेयरवेल पार्टी, शिक्षा कार्यालय को देनी होगी पूर्व सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विद्यालयों में होने वाले विदाई समारोह सहित अन्य आयोजनों में अब छात्र स्टंटबाजी करते हुए रील नहीं बना सकेंगे। उन्हें अपने शिक्षकों की निगरानी में ही विदाई समारोह जैसे आयोजन करने होंगे।

■ छत्तीसगढ़ राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग ने डीपीआई को लिखा खत

छत्तीसगढ़ राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग ने लोक शिक्षण संचालनालय, समस्त जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करने खत लिखा है। यह व्यवस्था बीते दिनों छात्रों के वायरल हुए वीडियो के बाद की गई है। कवर्धा के एक विद्यालय में फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्रों का एक वीडियो फरवरी माह में वायरल हुआ। जिसमें छात्र-छात्राएं गाड़ियों पर स्टंट करते नजर आए। बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13 एवं 15 के तहत आयोग ने अनुशंसा करते हुए लिखा है, यदि विदाई समारोह या अन्य आयोजन बच्चों की ओर से किए जा रहे हो, तो इसकी पूर्व सूचना शाला प्रबंधन को देना अनिवार्य हो। ऐसे आयोजनों के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया जाएं

**कार में स्टंट करते हुए छात्रों का वीडियो हुआ था वायरल**

खास खबर




### स्वाभाविक है झुकाव

आयोग ने अपने खत में किशोरावस्था के दौरान आने वाले स्वभावगत परिवर्तन के विषय में भी अवगत कराया है। आयोग के मुताबिक, किशोरावस्था में रोमांच और साहसिक कार्यों के प्रति झुकाव स्वाभाविक है, लेकिन इससे बच्चों के अनमोल जीवन को खतरा नहीं पहुंचना चाहिए। यदि समय रहते रोक नहीं लगाई गई, तो ऐसे कृत्य भविष्य में एक गलत परंपरा का रूप ले सकते हैं।

### 20 फरवरी तक उपलब्ध करानी होगी जानकारी

दूसरी ओर, पुलिस पदाधिकारियों से स्कूलों में जाकर बच्चों को गंभीरता और स्नेह के साथ समझाइश देने की भी अनुशंसा की गई है। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि इन अनुशंसाओं पर की गई कार्यवाही की लिखित जानकारी 20 फरवरी तक आयोग को उपलब्ध कराई जाए। छात्रों में रील्स के प्रति बढ़ते झुकाव और गैंग कल्चर को देखते हुए मंगलवार को ही रायपुर में शाला प्राचार्यों की बैठक पुलिस द्वारा ली गई थी।




## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की मांगें सुनने के बजाय बर्बरता पर उतर आई प्रदेश सरकारः रश्मि

**महासमुंद।** अपनी हक और अधिकार के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे मध्याह्न भोजन



रसोईया संघ आंदोलनकारियों पर सैकड़ों एफआईआर दर्ज किए जाने को सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासन की बर्बता करार देते हुए कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि यह भाजपा सरकार कर्मचारियों की मांगे सुनने के बजाय बर्बरता पर उतर आई है, आंदोलन को कुचलने एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने का डर दिखा रही है।

### सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच के प्रदेश सचिव नियुक्त किए गए आकाश

**महासमुंद।** छग सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच की नई



कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है। जिसके तहत युवा समाज सेवी आकाश पांडेय की सामाजिक सक्रियता को देखते हुए उन्हें सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के सहमति मार्गदर्शन में साथ ही सर्व ब्राह्मण छग के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी की सहमति पर सर्व ब्राह्मण समाज युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा द्वारा की गई है।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय वर्ष पूरक, भूतपूर्व एवं अमहाविद्यालयीन एवं बीएससी तृतीय वर्ष नियमित, पूरक, भूतपूर्व एवं अमहाविद्यालयीन के समस्त छात्र-छात्राओं के वनस्पतिशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 फरवरी को प्रातः 09 बजे से आयोजित होगी। समय के 30 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति दें।

**जायजा : कलेक्टर ने बागबाहरा अंतर्गत संचालित पीएमश्री विद्यालयों का निरीक्षण किया**

# कलेक्टर ने छात्रों को तनावमुक्त रहकर योजनाबद्ध अध्ययन करने के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत संचालित पीएमश्री विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचना तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह विभिन्न कक्षाओं में पहुँचे और विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर योजनाबद्ध अध्ययन करने, समय प्रबंधन अपनाने तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और प्रेरणादायी संदेश देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं प्रेरित दिखाई दिए। निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, बीईओ केके वर्मा, एपीसी संपा बोस, एबीईओ रामता मन्नाडे तथा आरईएस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने पीएमश्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) बागबाहरा के नवीन निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया तथा बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं कंप्यूटर लैब का पृथक-पृथक अवलोकन किया। उन्होंने प्रयोगशालाओं में उपलब्ध उपकरणों, पुस्तकालय की व्यवस्था एवं कंप्यूटर लैब के संचालन की जानकारी लेते हुए समुचित संधारण एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को मार्च माह तक नवीन भवनों का कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए।

इसी क्रम में कलेक्टर लंगेह ने पीएमश्री नवीन प्राथमिक शाला बागबाहरा का भी निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने छोटे बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई, उपस्थिति एवं अधिगम स्तर की जानकारी ली। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति तथा कक्षाओं की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों को उत्कृष्ट शैक्षणिक मॉडल के रूप में विकसित करना जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता है और इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता एवं अधोसंरचना के बेहतर उपयोग पर बल दिया।

## फुलझर राज गांड़ा समाज की हुई बैठक लिए गए अनेक निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

फुलझर अंचल के गांड़ा समाज की समाजिक बैठक रखा गया। बैठक में समाज के विभीन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें समाज के विकास के लिए समाज के पदाधिकारियों द्वारा बारी-बारी से चर्चा की गई। जिसमें गांडा समाज संगठन के नाम पर से विकास, बेरोजगारी सारी मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें यह पाया गया कि हमारे समाज में किसी भी प्रकार की विकास नही हुआ है। इसलिए गांडा समाज सरायपाली की ओर से सर्व समिति से नया संगठन फुलझर विकास समिति बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन का नया नाम फुलझर राज गांड़ा समाज विकास समिति रखा गया है। साथ ही बहुत जल्द भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में विशेष रूप से जगदीश चौहान, पंचराम चौहान, नुराधन सुरजाल, सुन्दर लाल, रघुबाघ, मदन चौहान, करुणाकर तांडी, तेजराम नंद, बासंती राजहंस, देवेंद्र मुन्ना, जलधर चौहान, राखी चौहान, जुलेखा छत्रे, मोतीलाल चौहान, राजकुमार विश्रा, विनेश नंद, शांति दास, विष्णु चौहान, उत्तम दीप, सफेद लाल दास, रोहित लाल तांडी, दूरनसिंग चौहान, शिमोन नंद, टिकेलाल विषाश के साथ ही जयसिंग चौहान उपस्थित थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में कोलकाता एवं राजनांदगाव ने जीता



**बागबाहरा।** जय चंडी खेल, कला क्लब बागबाहरा द्वारा नगर में आयोजित अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6,7 एवं 8 फरवरी को किया गया था। जिसमें कोलकाता, महाराष्ट्र, ओड़िशा, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कोलकाता, द्वितीय महासमुंद, तृतीय नासिक (महाराष्ट्र), चतुर्थ बिलासपुर रहे। महिला वर्ग में प्रथम राजनांदगाव, द्वितीय बागबाहरा, तृतीय झारखंड एवं चतुर्थ में दिल्ली का कब्जा रहा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बागबाहरा की अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल विशेष अतिथि जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अतुल बग्गा, पूर्व शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, देवेश साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका, लखबीर छाबड़ा शहर कांग्रेस अध्यक्ष, पार्षद गण मेनका पोखराज साहू, शैलेश साहू, मंता यादव, मिथुन अमीर, रमेश ठाकुर, शिवा जगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में बल्ला सोनी, प्रतीक जैन, गणेश शर्मा, अशोक अग्रवाल, फिरोज मेमन, कुसुम संतोष चौहान, कमल किशोर यादव, रवि चंद्राकर, जयेश साहू, रफीक मेमन, बजरंगी यादव, गट्टू गुप्ता, अमित गुप्ता, अशोक चंद्राकर, गिरीश पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के सदस्य विवेकानंद ठाकुर, नवनीत सलूजा, उदय सिंह चंदेल, दीपक यादव, बलराम ठाकुर, भावेश पुरोहित, चैतराम पंडा, अशोक दीप, प्रकाश मानिकपुरी, पंकज शर्मा, जयकिशन देवांगन, दादू चक्रधारी का विशेष योगदान रहा।

## महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा




शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नमिता मारकोले अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज एवं विशिष्ट अतिथि शिव गोपाल रात्रे, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ लक्ष्मण सिंह साहू एवं डॉ कृष्ण कुमार साहू रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नमिता मारकोले ने कहा कि आप सब लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई कीजिए और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा कीजिए। सोच सदैव सकारात्मक रखिए। क्योंकि, सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ने से हमें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति मिलती है। लक्ष्य लेकर अध्ययन कीजिए और आगे बढ़ कर अपने लक्ष्यों को हासिल कीजिए। मोबाइल का सदुपयोग कीजिये और नकारात्मक विचारों से दूर रहिए। छात्र जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है अनुशासन में रहते हुए हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस वर्ष महाविद्यालय के क्रीड़ा, एनएसएस एवं यूथ रेड क्रॉस के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम में भाग लेते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय में प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी, उड़िया, बॉलीवुड, जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद बुड़ेक एवं सौरभ जैन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी, अधिकारी एवं भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# महासमुंद जिले में वन अपराधियों पर सख्ती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वनमंडल महासमुंद द्वारा वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सुदृढ़ न्यायालयीन कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वनमंडल स्तरीय वन विद्यालय, महासमुंद में वन्यजीव अपराध, पहचान एवं अभियोजन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वन्यजीवों से संबंधित अपराधों की समयबद्ध पहचान, वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन, प्रकरणों का विधिसम्मत पंजीयन एवं प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करना है, ताकि दोषियों को कठोर दंड दिलाया जा सके और अवैध शिकार व तस्करी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन, वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, अधिवक्ता निमिश किरण शर्मा, सदस्य छत्तीसगढ़ वन्यजीव बोर्ड गौरव निहलानी तथा सदस्य, नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी रायपुर रितेश श्रीवास विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में बताया कि कई बार वन्यजीव अपराधों के प्रकरण तकनीकी त्रुटियों, साक्ष्य की कमी या उचित धाराओं के अभाव में न्यायालय में कमजोर पड़ जाते हैं। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 सहित प्रासंगिक अधिनियमों एवं नियमों के प्रभावी प्रयोग, जब्ती कार्यवाही की शुद्ध प्रक्रिया, केस डायरी संधारण, फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन एवं समयबद्ध चालान प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मजबूत विवेचना एवं ठोस साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को जमानत से रोका जा सकता है तथा कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जा सकता है।

कार्यशाला में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराध की पहचान, घटनास्थल प्रबंधन, पंचनामा तैयार करने की विधि, जब्त सामग्री के संरक्षण, वन्यजीव अंगों की पहचान, न्यायालयीन प्रक्रिया एवं अभियोजन की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विभिन्न वास्तविक प्रकरणों के उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण केवल विभागीय दायित्व नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध सतत निगरानी, जन जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई ही प्रभावी समाधान है। कार्यक्रम में समस्त एसडीओ, रेंज अधिकारी, डिप्टी रेंजर एवं परिसर रक्षक उपस्थित रहे।

## श्रीराम का आचरण समाज के लिए अनुकरणीयः जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



अंचल के ग्राम जामली कला में ग्रामवासियों ने तीन दिनों तक मानस गान का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अलावा अंतरजिला मानस मंडलियों को भी आमंत्रित किया गया है। जिसके पहले दिन श्रवण के लिए पहुंचे सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा जीवन में अपनाया गया आचरण समाज के लिए अनुकरणीय है। मनुष्य के आचरण से उसका संस्कार परिलक्षित होता है। श्रीराम ने जिस शालीनता व मर्यादित तरीके से जीना सिखाया वह जीवन में आत्मसात करने योग्य है। संस्कारपूर्ण मर्यादित आचरण से ही जीवन अलंकृत होता है।

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि विभास, खेमराज सिन्हा ओमप्रकाश साहू, बोहरण ठाकुर, लोकेश साहू, नीलकंट पटेल ग्राम विकास समिति के नोहर बघेल, यादराम चंद्राकर पूरन साहू, केवा राम साहू, तेजराम चंद्राकर, केशव दीवान, सोहन दीवान, सुखराम दीवान, मनोज विप्रे, मेहत्तर साहू, राजेंद्र शर्मा, दुलार ध्रुव, जागेश्वर दीवान, बलराम चंद्राकर समेत ग्रामवासी बहुतायत संख्या में उपस्थित रहे।

### मां कौशिल्या रसोई टीम कर भोजन व्यवस्था

श्रीराम कथा के दौरान आयोजन समिति कि कि टीम कौशिल्या रसोई के सदस्यों द्वारा गांव के समस्त ग्रामवासी एवं मानस गान सुनने हेतु पहुचे श्रोताओं के लिए चाय, भोजन आदि व्यवस्था कराई जा रही है, जिससे महिलाओं को घर में चूल्हा चौकी करना ना पड़े और गांव में हो रही मानस गान का लाभ ले सके। मानस गान के दौरान तीन दिनों तक गांव में कामकाज बंद की गई है।

## जनपद पंचायत में नशामुक्ति की शपथ, युवाओं की भागीदारी पर जोर

**पिथौरा (ग्रामीण)।** जनपद पंचायत परिसर में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे ने उपस्थितजनों को शपथ दिलाते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और उनकी शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण



योगदान है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि स्वस्थ, सबल और जागरूक समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे, पूर्व सरपंच प्रदीप पटेल, समाज शिक्षा संगठक गुलाब सामल, जिला कार्यालय से अनिल कोसरिया, करारोपण अधिकारी उमेश दीक्षित, गौ सेवक सौरभ अग्रवाल, संजय निषाद, रेखा अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा आज व कल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त बीए द्वितीय एवं अंतिम वर्ष (भूगोल) विषय के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी को सुबह 10 से 04 एवं 14 फरवरी को सुबह 10 से 04 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक फाईल व कम्पास बॉक्स के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 09 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से किया गया चयन

**नर्रा।** जिला कोसरिया मरार पटेल समाज के अंतर्गत कौड़ियां राज परिक्षेत्र के कार्यकारणी बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां भगवती शांकभरी देवी की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस राज के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्ति के पश्चात चुनाव का गठन के लिए चुनाव समिति के रूप में प्रदेश संयोजक पवन पटेल, प्रदेश महासचिव ललित पटेल, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष भेखलाल पटेल, प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल कौड़िया राज संयोजक मुंजराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष तुकाराम पटेल समेत प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से कौड़िया राज अध्यक्ष लोकेश पटेल भरूवामुड़ा, उपाध्यक्ष हीरा पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अमन पटेल लमकेनी, सचिव हरेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष लीला राम पटेल, उपकोषाध्यक्ष मोतीराम पटेल, राजनीतिक प्रकोष्ठ किशोर पटेल, एडिटर वासुदेव पटेल, एडिटर छगन पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेनू पटेल मोंगरापाली, कर्मचारी प्रकोष्ठ जवाहर पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पारस पटेल उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल आदि चुने गए।



### डोकरपाली में पांच दिवसीय मानस गान

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम डोकरपाली में महाशिवरात्रि पर पांच दिवसी संगीतमय मानस गान का आयोजन रखा गया है। 12 से 16 फरवरी तक चलेगा। रामचरितमानस संरक्षक हीरा सिंह दीवान, अध्यक्ष वासना दीवान, उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद दीवान, कोषाध्यक्ष घनश्याम, सचिन थानूराम निषाद, विजय देवांगन, दिनेश देवांगन, जीराखन साहू, केशव राम आदि जुटे हुए है।

## आयोजन : अरंड के मिडिल स्कूल प्रांगण में खेल कलेवा कार्यक्रम आयोजित

# खेल कलेवा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

बीआईयू द्वारा एडोल्सेंट एनीमिया को कम करने के लिए खेल कलेवा इवेंट यूनिसेफ द्वारा एनीमिया अनुसंधान किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम अरंड के मिडिल स्कूल प्रांगण में खेल कलेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच डिगंबर पटेल, अध्यक्षता व्याख्याता सोनसाय पटेल, विशिष्ठ अतिथि यूनिसेफ व बीआईयू मेंबर राघवेंद्र कुमार रहे, संकुल समन्वयक अरंड रोहिणी कुमार देवांगन रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा कर किया गया। मंचस्थ अन्य अतिथियों एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज पिथौरा कोआर्डिनेटर पिथौरा ओम प्रकाश रजक, महिला विकास पर्यवेक्षक चित्ररेखा साहू, संगीता साहू, प्रधान पाठक गंगा पैकरा, सचिव लेख राम जगत, समन्वयक नितेश साहू, लाभो राम साहू, गंगाराम चौहान, जेठूराम पाडे मंचस्थ रहे। खेल कलेवा कार्यक्रम के संबंध में बीआईयू टीम के देवाशीष पटेल के द्वारा स्वागत उद्बोधन में खेल कलेवा कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में बताया गया कि एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए हमें खानपान में बदलाव करने की आवश्यकता है। बीआईयू मेंबर राघवेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में बताया कि चार तरह के स्वाद होते हैं जिसमें मीठा, खट्टा, कड़वा और नमकीन है। लेकिन अब पांचवां स्वाद उमामी ने ले लिया है। चाइनीज़ व्यंजनों में अजीनोमोटो का इस्तेमाल किया जाता है जो स्वाद बढ़ाने में कारगर है, किंतु इसके अधिक उपयोग से हानिकारक है। अपने दैनिक आहार में अंकुरित अनाज, पत्तेदार शाक - भाजी, कंद- मूल, ऑर्गेनिक सब्जियों शामिल करें। यूनिसेफ एवं माई भारत कोआर्डिनेटर देवाशीष पटेल के द्वारा योग के महत्व को बताए हुए योग कराया। जिसमें खुशी ध्रुव प्रथम, किंजल ध्रुव द्वितीय, अनिता साव तृतीय स्थान प्राप्त किए।

जिया ध्रुव को विगत तीन माह के अच्छे परफॉर्म के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। माताओं द्वारा कलेवा प्रदर्शन में रैन बाई ध्रुव, भोगेश्वरी ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव को सम्मानित किया गया। खेल कलेवा कार्यक्रम के सहयोगी शिक्षक नकुल राम साहू, जयराम पटेल, गंगा पैकरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देवकुमारी ध्रुव, वालंटियर मोहन नायक, अमन पटेल, नारायण सिंह चौहान, पुष्पराज पटेल, ग्राम के गणमान्य नागरिक और पंच व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिन्हा और देवाशीष पटेल ने किया।

### खुटेरी स्कूल में खेल कलेवा का कार्यक्रम हुआ

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी के विद्यालय प्रांगण में खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच सुशीला मांझी के नेतृत्व और शाला प्रबंध समिति खुटेरी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। मां सरस्वती की पूजन वंदन के साथ प्राथमिक प्रधानपाठक डोलामणि साहू ने सभी आगंतुकों का अभिनन्दन करते हुए यूनिसेफ मॉय भारत कॉर्डिनेटर देवाशीष पटेल को कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बच्चों को खेल गतिविधियों के माध्यम से आयरन युक्त पोषक तत्वों के महत्व पर प्रकाश डाला। एलायंस फ़ॉर बिहेवियर चेंज के ओमप्रकाश रजक ने किशोर स्वास्थ्य के लिए पोषण क्यों महत्वपूर्ण है पर अपने विचार रखें। पश्चात व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत माताओं द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता का अवलोकन डीएनसी संयम शर्मा, रोहिणी देवांगन, सुपरवाइजर द्वय संगीता साहू, चित्ररेखा साहू पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल, समन्वयक जन धनीराम सिदार,गंगाराम चौहान, जेठूराम पांड़े, विश्वनाथ माँझी, प्रबंध समिति अध्यक्ष महेश ध्रुव, पालक निरखित पटेल, सदस्य प्रीतम बरिहा, आंगनबाड़ी से गीता देवांगन, शिक्षकगण कुमुदिनी बरिहा, नरसिंग पटेल, अभिनन्दन नाग, अनिता बरिहा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव आदि ने किया। फुर्ती व चतुराई के खेल वालिंटियर अमन पटेल, जूही भोई ने बताये। सुपरवाइजर संगीता साहू ने आसान पोषण सुझाव दिए। संतुलित आहार में आयरन की मात्रा और एनीमिया की कमी को दूर करने के प्राकृतिक उपाय पर संयम शर्मा ने व्याख्यान दिए। ट्रैकर की जानकारी और आगे की गतिविधियों को चिन्हित बच्चों के बीच साझा किया गया। उपस्थित माताओं के सानिध्य में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डोलामणी साहू राज्यपाल पुरस्कृत ने किया। कार्य निष्पादन में विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टॉफ सहित रसोइया गेंदी, गंगा, रेखा, दसमत सफाई कर्मचारी लेखराम का सहयोग रहा।

# जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था स्ट्रैचर पर, जनप्रतिनिधियों को गरीब मरीजों की समस्या सुनने की फुर्सत नहीं: पंकज

## जिले के सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानी, स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व पार्षद व समाज सेवी पंकज साहू ने जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में व्याप्त समस्याओं पर कहा कि भाजपा राज में स्वास्थ्य व्यवस्था स्ट्रैचर पर पहुंच गई है। जिस तरह से मरीजों को जिले के सबसे बड़े अस्पताल में परेशानी आज के स्थिति में हो रही है, वह शायद कभी नहीं हुई होगी। जांच उपकरणों की कमी तथा दवाओं की कमी से पहले ही जूझ रहे जिला अस्पताल अब गर्भवती माताओं को भी सुविधा प्रदान नहीं कर पा रही है। सैकड़ों मरीजों सहित गर्भवती महिलाओं का यहां सोनोग्राफी नहीं हो पाने से उन्हें भटकना पड़ रहा है। 15 दिन में हो लगभग 1 हजार मरीज सोनोग्राफी नहीं होने के कारण वापस लौटे हैं। रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं करने के कारण यह स्थिति सामने आई है।

उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग के मरीज निःशुल्क व सस्ते उपचार के आस में जिला अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन, यहां की बदहाली देख सरकार व सत्ता पक्ष के जनप्रतिधियों को कोसते हुए निजी अस्पतालों में उपचार कराने विवश हो रहे हैं। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली यहां के जनप्रतिनिधियों को नहीं दिख रहा। इसलिए अब तक न ही स्थानीय सांसद, विधायक और न ही सत्ता पक्ष के जन प्रतिनिधियों ने अब तक किसी प्रकार का पत्राचार शासन को नहीं किया। स्थानीय विधायक की निष्क्रियता तो जग जाहिर है, उन्हें केवल जमीन के कारोबार में ही व्यस्त देखा जा सकता है। जनता की परेशानियों से विधायक को कोई सरोकार नहीं है। सांसद तो केवल डमी सांसद बन कर रह गई है। जिले के चारों विधानसभा सहित 8 विधान सभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुनकर केंद्र भेजा है। लेकिन, संसद में इन गंभीर समस्याओं पर वे कभी बात रखते नजर नहीं आती। यही हाल प्रशासनिक अफसरों का है। प्रशासन शासन के योजनाओं को धरातल पर उतारने वाला प्रमुख माध्यम है। लेकिन, प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था में सुधार करने के बजाए शासन के नाकामियों पर पर्दा डालने का काम कर रहा है। शासन के कमियां बताने पर प्रशासन की ओर से तत्काल विज्ञप्ति जारी कर प्रतिक्रिया दी जाती है, कि फलां योजना से अमुख व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया।

प्रशासन यह क्यों नहीं बताता कि शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते हजारों लोग किस तरह परेशान हो रहे हैं। साहू ने कहा कि पूर्व में भी उन्होंने जिला अस्पताल में डाक्टरों, स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारियों की कमी को तत्काल दूर कर कर्मचारियों की भर्ती की मांग की थी।

आवश्यक उपकरणों की कमियों को दूर कर मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया था। लेकिन, इस दिशा में शासन-प्रशासन की खामोशी यह साफ संकेत दे रहा है कि गरीब मरीजों, आम जनता की परेशानी से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। शासन प्रशासन को केवल कमीशन मिलना चाहिए। चाहे इसके लिए उन्हें कालातीत दवाई खरीदी करना पड़े या जंग लगे सिजेरियन ब्लेड।



### जिले में विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट हेतु 12 फरवरी से 10 मार्च तक शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले के 32 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में आयोजित किए गए हैं। ये शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी तथा संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।इन शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बॉयोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। इस संबंध में जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा द्वारा संकुल समन्वयकों एवं आधार ऑपरेटरों को आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी विद्यालयों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक छूटे हुए विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

# भारतीय सीमा सुरक्षा बल में चयनित जवानों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय राममनोहर लोहिया चौक में आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर (राज्यमंत्री) हुए। भारतीय सीमा सुरक्षा बल में चयनित जवानों का पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया, जिसमें चयनित नीलेश सिंह पिता देवेंद्र सिंह माता सुमन सिंह वार्ड क्रमांक 11 महासमुंद, गणेशु बघेल पिता स्वर्गीय टेटकूराम बघेल माता सुमन बघेल साराडीह, अभिषेक सिंह पिता जसवंत सिंह माता मीना देवी वार्ड क्रमांक 04 महासमुंद शामिल रहे।



निगम अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज जहां बहुत से लोग पैसों को महत्व देकर अपने अंदर के हुनर और ज्ञान को बेचकर फीस के रूप में मोटी रकम लेते है, ये उन लोगों के लिए नई प्रेरणा है। पूर्व सैनिक पुरुषोत्तम डनसना द्वारा मां महामाया डिफेंस एकेडमी प्रशिक्षण केंद्र का निःशुल्क संचालित किया जाता है। जिसमें देश सेवा सर्वोपरि के मूल उद्देश्य को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी से जुड़े सभी लोग प्रशंसा के पात्र है। उद्बोधन की अगली कड़ी में अकेडमी संचालक आर्मी एडवेंचर ट्रेनर पुरुषोत्तम डनसेना ने बताया कि एकेडमी में प्रवेश फीस के रूप में मात्र 11 रुपए लिए जाते है, जिसे नगर कुल देवी मां महामाया माता के चरणों में अर्पित किया जाता है। बच्चों को शारिरिक रूप से प्रशिक्षित करने के लिए फारेस्ट ग्राउंड, मिनी स्टेडियम व आउटडोर में सुखी नदी पहाड़ों की ट्रेकिंग शामिल होता है, प्रति माह पिकनिक कर तनावमुक्त व खेल खेल में कसरत अभ्यास को ध्यान दिया जाता है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक महेश चंद्राकर, राजेश डड़सेना, नारायण ठाकुर, खगेंद्र तारक, संजय गिरी गोस्वामी, चंद्रबदन मिश्रा, जैनेंद्र चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, मिथलेश बोयर, सृजन डड़सेना, संतोष ध्रुव, ओमप्रकाश पटेल, सिद्धान्त बैस, मुकेश, आकाश पटेल मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में न्याय के नैसर्गिक सिद्धांत का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने कहा है कि गांव में हो रहे अवैध अतिक्रमण तथा निर्माण कार्य रोकने के लिए उसने वर्तमान सरपंच पर दबाव बनाया था तथा अमृत सरोवर में हो रहे अवैध मुरम खनन एवं गर्मी के दिनों में भरे तालाब क्रो मुरुम बेचने के उद्देश्य से सुखाने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की थी। जिसके कारण कतिपय बदले की भावना से बिना सीमांकन किये तथा पूर्व सूचना दिए बिना राजस्व कार्रवाई के वर्तमान सरपंच द्वारा मेरी लगानी जमीन क्रो शासकीय करार देते हुए घेरा को तोड़ते हुए लगे फसल क्रो बर्बाद किया गया है।

पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि गांव के शंकर लाल चंद्राकर द्वारा बिना किसी दस्तावेज के शासकीय जमीन क्रो कब्ज़ा किया गया है, जिस पर कार्रवाई करने के लिए वर्तमान सरपंच क्रो बताया था। परंतु आपसी लेनदेन के कारण वर्तमान सरपंच ने शंकर लाल चंद्राकर पर कार्रवाई न करते हुए उल्टा मेरे ही जमीन क्रो बर्बाद कर दिया। जिससे कम से कम



3 लाख रुपए की नुकसानी हुई है। पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने वर्तमान सरपंच की मंशा क्रो भाँपते हुए पहले से ही नायब तहसीलदार क्रो इस कार्रवाई के विरुद्ध स्थगन के लिए सक्षम न्यायालय (न्यायालय नायब तहसीलदार) क्रो प्रकरण पेश करके पावती भी लिया था। परंतु नायब तहसीलदार ने इस पर ध्यान नही दिया तथा ईमानदारी का खामियाजा आज भुगतना पड़ा। पूर्व सरपंच ने बताया कि इस अवैधानिक कार्रवाई के लिए स्पॉट में उसने राजस्व अधिकारी मनीष श्रीवास्तव से कार्रवाई आदेश की मांग की तो मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुझे कोई लिखित आदेश आदेश प्राप्त नही हुआ है।

# आयुर्वेदिक दवाओं में रोगों को जड़ से समाप्त करने की होती है क्षमता: सृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती पर ग्राम अछोला में शासकीय आयुर्वेद औषधालय भोरिंग द्वारा एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 11 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर रहीं। अध्यक्षता सरपंच संतोष कुमार साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में उप सरपंच विश्वनाथ धीवर व पंचगण उपस्थित रहे। शिविर में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर औषधि का वितरण किया गया।

### स्टाल का अवलोकन

इस दौरान मुख्य अतिथि सृष्टि ने आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। तथा ग्रामीणों को इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद से बड़े से बड़े असाध्य रोगों का उपचार संभव है। आयुर्वेदिक दवाओं में रोगों को जड़ से समाप्त करने की क्षमता होती है। कार्यक्रम के अंत में लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अरुण चंद्राकर, आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्याम बालाजी कॉलेज के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी कॉलेज एवं श्याम विद्या मंदिर, श्याम उमावि के संयुक्त तत्वावधान में 11 फरवरी 2026 को वार्षिक उत्सव का आयोजन महाविद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एकता लंगेह (सामाजिक कार्यकर्ता), अध्यक्षता डा एमएल चंद्राकर विभागाध्यक्ष सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर, विशेष अतिथि आमी रूफस प्राचार्य आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उमावि, जोगेश्वर सिन्हा (बीआरसी), अतिथि वार्ड पार्षद सुनैना ठाकुर, अतिथि आस्था वुमैन संस्था की तारणी चंद्राकर, संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, सदस्य अंश द्विव्य चंद्राकर श्याम शिक्षण समिति, प्राचार्य डा अंकिता चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह श्याम उमाशाला एवं प्राचार्य मीना राजपूत



श्याम विद्या मंदिर, डा संजय कुमार साहू, उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू, डिंपल साहू, अमित लामा, गीतांजलि यादव, अग्रिमा अग्रवाल, योगिता यादव, ऐश्वर्या साहू, योगिता चौहान, प्राची वैष्णव, रवीना पटेल, लोकेश्वरी सोनी, सुमन सिंग, कातयानी चौहान एव बीए, बीएससी, (गणित एवं बायो) बी काम, पीजी डीसीए, डीसीए, योग एंड डिप्लोमा, डी फॉमेर्सी, बीएड के समस्त छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रवीण सूची में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार रखे गए। जिसमें सचिव तारा चंद्राकर ने कहा कि मंजिल को पाने के लिए हमेशा मेहनत एवं पुरूषार्थ को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एकता लंगेह (सामाजिक कार्यकर्ता) ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की सराहना करते हुए छात्रों से आग्रह किया कि शिक्षा पर विशेष ध्यान दे एवं नशा से हमेशा दूर रहने का संदेश दिया।

